हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
14 नवंबर 2022, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, षष्ठी, विक्रम संवत 2079, बरेली

कूच बिहार: दो दिन में ही समाप्त हुआ एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में चल रहा चार दिवसीय मैच, यूपी के विराट मैन आफ द मैच

यूपी ने नागालैंड को पारी और 110 रन से हराया

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में उत्तर प्रदेश ने नागालैंड को एक पारी और 110 रनों से पराजित कर दिया। यूपी के 319 रन के जवाब में नागालैंड पहली पाली में 116 रन पर आल आउट हो गई। फॉलोऑन के बाद यूपी ने नागालैंड को फिर बल्लेबाजी को बुलाया। दूसरी पारी में नागालैंड मात्र 93 रन पर पवेलियन लौट गई।

कूच बिहार ट्राफी के चार दिवसीय मैच के पहले दिन ही यूपी ने नागालैंड पर दबाव बना दिया था। दूसरे दिन नागालैंड की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 73 रन से आगे खेलना शुरू किया। दबाव में कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सका। पूरी टीम पहली पारी में 45.5 ओवर में 116 रन पर पवेलियन वापस लौट गई। कप्तान युगांधर ने 17, केनिजीटो रियो ने 26 और सैमुअल जैपुटो ने 15 रन बनाए। इन तीनों को छोड़ कर कोई भी खिलाड़ी दहाई तक नहीं पहुंच पाया। अतिरिक्त के रूप में यूपी ने 23 रन लुटाए। पहली पारी में 203 रन से पिछड़ने पर नागालैंड को यूपी ने फालोआन दिया। दूसरी पारी में भी नागालैंड की बल्लेबाजी बिखर गई। पूरी तीन मात्र 93 रन बनाकर ढह गई। कप्तान युगांधर 22 रन, सुजल प्रसाद 24 रन और खिवित्सू 17 रन ही दहाई के अंक तक पहुंचे। पहली पारी में तीन विकेट लेने वाले विराट जायसवाल ने दूसरी पारी में 24 रन खर्च कर पांच विकेट झटके। प्रशांत वीर और आसिफ अली ने 2-2 जबकि नमन तिवारी ने एक विकेट लिया। इस जीत के साथ यूपी की टीम को सात अंक मिले और वह अपने ग्रुप में सबसे ऊपर पहुंच गया है। अब यूपी का मुकाबला राजस्थान की टीम से होगा। यह मैच 19 नवंबर से कोटा में होगा। चार दिनी मैच दो दिन में ही समाप्त होने पर दर्शकों ने आश्चर्य जताया।

एसआरएमएस में चल रही कूच बिहार ट्रॉफी के दूसरे दिन ही नागालैंड को हराकर जीत दर्ज करने वाली उत्तर प्रदेश की टीम के सदस्य और अतिथि।

203 रन से नागालैंड को यूपी ने दिया फालोआन

319 रन बनाये थे उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने

116 रन पर ही आल आउट हो गई नागालैंड की टीम

पुरस्कार पाकर खिले सभी के चेहरे: बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक व एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, बीसीए अध्यक्ष सरफराज वली खान, सचिव सीताराम व आयोजन कमेटी के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ को सम्मानित किया। नागालैंड के कप्तान युगांधर ने कहा कि हम मैच जरूर हार गए लेकिन हमने बहुत कुछ सीखा।

मैन ऑफ द मैच विराट जयसवाल को सम्मानित करते आदित्य मूर्ति।

कैप्टन की बात

कूच बिहार ट्रॉफी का बनना है चैंपियन : आदर्श सिंह

यूपी के कप्तान आदर्श सिंह ने कहा कि दो दिन में मैच जीतने की कोई उम्मीद नहीं थी। बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन का हमें लाभ मिला। वर्ष 2020 में यूपी ने कूच बिहार ट्रॉफी जीती थी। अब 2022 में इतिहास को दोहराना चाहते हैं।

चैंपियन ने कहा

अपने स्वाभाविक अंदाज में की गेंदबाजी : विराट

मैन ऑफ दि मैच विराट जायसवाल बोले- उन्होंने स्वाभाविक अंदाज में गेंदबाजी की। अच्छा विकेट होने से पूरी मदद भी मिल रही थी। कानपुर के लेफ्ट आर्म स्पिनर विराट रवींद्र जडेजा की तरह आलराउंडर बनना चाहते हैं।